भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2454

दिनांक 06 अगस्त, 2024

बिहार में मत्स्यपालन महाविद्यालय

2454. श्री अजय कुमार मंडल:

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में चल रहे मत्स्यपालन महाविद्यालयों का स्थान-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या बिहार राज्य सरकार द्वारा रोजगार एवं मत्स्यपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भागलपुर जिले के नौगछिया में मत्स्यपालन महाविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई/किए जाने की संभावना है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

(क): बिहार राज्य में दो (02) मात्स्यिकी कॉलेज हैं।

i. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर, बिहार के अंतर्गत मात्स्यिकी कॉलेज, धोली।

ii. बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अंतर्गत मात्स्यिकी कॉलेज, किशनगंज।

(ख) से (घ): सरकार को बिहार सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

हालांकि, कृषि शिक्षा सहित कृषि राज्य का नीतिगत विषय होने के कारण राज्य सरकारें अपनी जरूरत के अनुसार कृषि विश्वविद्यालय/कॉलेज स्थापित कर सकती हैं।

****